# समाचार

## वार्ड क्र. 04 में ढाई करोड़ रू. के नए विकास कार्य प्रारंभ

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य का भूमिपूजन)



कोरबा 27 दिसम्बर 2017 –निगम के वार्ड क्र. 04 में 02 करोड़ 53 लाख रूपये की लागत वाले दो नए विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त दोनों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके हाथों किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सतत रूप से जारी विकास कार्यो की अगली कड़ी में कोरबा जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा में 01 करोड़ 16 लाख 30 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त गार्डन का निर्माण निगम द्वारा कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 04 अंतर्गत देवांगनपारा में ही जमात खाना के पास 01 करोड़ 37 लाख रूपये की लागत से नाला का निर्माण भी निगम द्वारा किया जाना हैं। पुरानी बस्ती कबीर आश्रम के पास आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इन दोनों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से विगत तीन वर्षो के दौरान निगम द्वारा वृहद स्तर पर विकास कार्य कराए गए हैं, जो आज भी निरंतर जारी हैं, इन कार्यो में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, मेरा पूर्ण प्रयास रहा है कि जनता जनार्दन को मूलभूत सुविधाओं के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े, सड़क, नाली पानी, बिजली व साफ–सफाई जैसी आवश्यक सुविधाएं उन्हें सहज रूप से उपलब्ध हों तथा इसी को ध्यान में रखकर विकास कार्यो को गति एवं दिशा दी गई है, आगे भी मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि जनता जनार्दन की इच्छा व उनकी आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य कराए जाएं। इस अवसर पर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम ने ऐतिहासिक रूप से विकास कार्यो का संपादन कराया है, छोटे–बड़े सैकड़ों कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा अभी निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि जिस आशा व विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता ने महापौर को निगम की कमान सौपी थी, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल आमजन के उस विश्वास पर खरी उतरी हैं, मैं इसके लिए महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हूँ तथा विश्वास रखता हूँ कि विकास की यह गति एवं दिशा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्री मनीष शर्मा ने कहा कि मेरे वार्ड क्र. 04 में काफी संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं, वार्ड की लगभग सभी समस्याएं दूर कर ली गई हैं, जो थोड़ी बहुत समस्याएं बची हैं, उन्हें भी महापौर के मार्गदर्शन में दूर किया जाएगा, वार्ड क्र. 04 में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए जाने के लिए मैं महापौर श्रीमती अग्रवाल का वार्ड की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ, उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, रामगोपाल कुर्रे, सीताराम चौहान, पार्षद मनीष शर्मा, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर,

पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, दुकालू श्रीवास, संतोष लांझेकर, ममता अग्रवाल, आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।